# प्रोफ़ाइल

## सुश्री शोभा करंदलाजे

**केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम तथा श्रम और रोजगार राज्य मंत्री, भारत सरकार**
जून, 2024 से बेंगलुरु उत्तर निर्वाचन क्षेत्र, कर्नाटक से संसद सदस्य

**व्यक्तिगत विवरण:**

- जन्मतिथि: 23 अक्टूबर, 1966
- जन्म स्थान : दक्षिण कन्नड़, कर्नाटक
- शैक्षणिक योग्यता: परास्नातक (समाजशास्त्र), मास्टर ऑफ सोशल वर्क्स, स्नातक।

**धारित किए गए पद:**

**क.** 11 जून, 2024 से अब तक :

- केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम तथा श्रम और रोजगार राज्य मंत्री, भारत सरकार

**ख.** 7 जुलाई, 2021 से 9 जून, 2024 तक:

- केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री, भारत सरकार।

**ग.** 7 दिसंबर, 2023 से 9 जून, 2024 तक:

- केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री, भारत सरकार।

**घ.** वर्ष 2014 से 2024 तक:

- कर्नाटक राज्य के उडुपी-चिकमगलूर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से संसद सदस्य।

**ङ.** वर्ष 2008-2013:

- सदस्य, कर्नाटक विधान सभा।
- ऊर्जा मंत्री, कर्नाटक सरकार (2010-2013)।
- खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री, कर्नाटक सरकार (2010-2012)।
- ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री, कर्नाटक सरकार (2008-2009)।

**च.** वर्ष 2004 - 2008:

- सदस्य, कर्नाटक विधान परिषद।

**अन्य धारित पद:**

- 9 अक्टूबर, 2019 - 7 जुलाई, 2021 तक:

- सदस्य, महिला सशक्तिकरण समिति

- सदस्य, परामर्शदात्री समिति, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय।

- 13 सितंबर, 2019 - 7 जुलाई, 2021 तक:

  - सदस्य, ऊर्जा संबंधी स्थायी समिति।

- 13 मई, 2015- 25 मई, 2019 तक:

  - भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन में उचित मुआवजा और पारदर्शिता का अधिकार (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2015 की संयुक्त समिति की सदस्य

- 1 सितम्बर, 2014 - 03 दिसंबर, 2014 तक:

  - महिला सशक्तिकरण समिति।

- 1 सितम्बर, 2014 - 25 मई 2019 तक:

  - सदस्य, रक्षा संबंधी स्थायी समिति ।

  - सदस्य, परामर्शदात्री समिति, कृषि मंत्रालय

**संक्षिप्त परिचय:**

सुश्री शोभा करंदलाजे का जन्म कर्नाटक में पुत्तूर के निकट स्थित चरवाका नामक एक छोटे से गाँव में हुआ था। उनका जन्म 23 अक्तूबर, 1966 को स्वर्गीय श्री मोनप्पा गौड़ा और श्रीमती पूवक्का के यहां हुआ था। उन्होंने सेंट फिलोमिना कॉलेज, पुत्तूर से स्नातक किया और मैंगलोर विश्वविद्यालय में सामाजिक कार्य में परास्नातक तथा मैसूरु विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र में परास्नातक की पढ़ाई पूर्ण की।

उनकी पहली प्रमुख उपलब्धि वर्ष 2004 में एमएलसी के रूप में चुना जाना था, इससे पहले उन्होंने भारतीय जनता पार्टी में कई संगठनात्मक पदों पर कार्य किया। वह मई, 2008 में यशवंतपुर निर्वाचन क्षेत्र, बेंगलुरु से विधायक के रूप में चुनी गईं और उन्हें कर्नाटक सरकार (मई 2008 - नवंबर 2009) में ग्रामीण विकास और पंचायत राज (आरडीपीआर) मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया। ग्रामीण विकास और पंचायत राज (आरडीपीआर) मंत्री की कार्यावधि के दौरान, भारत संघ द्वारा कर्नाटक को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य के रूप में सम्मानित किया गया था। ग्रामीण विकास और पंचायती राज में सुश्री करंदलाजे ने ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के अलावा भारत सरकार से विभिन्न सड़क विकास कार्यों के लिए अतिरिक्त अनुदान; ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पेयजल उपलब्ध कराने के लिए विश्व बैंक से अतिरिक्त अनुदान प्राप्त किया।

वर्ष 2010-2013 के दौरान सुश्री शोभा करंदलाजे को राज्य सरकार में ऊर्जा मंत्रालय का कार्यभार सौंपा गया। उन्होंने कर्नाटक राज्य सरकार (वर्ष 2010-2012) में खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्रालय में विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला।

वर्ष 2014 शोभा करंदलाजे की राजनीतिक यात्रा में एक प्रमुख मील का पत्थर साबित हुआ, जब उन्होंने उडुपी-चिकमगलूर लोकसभा क्षेत्र से 1.81 लाख वोटों के भारी अंतर से जीत हासिल की।

उन्होंने वर्ष 2019 में उडुपी चिकमगलूर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए 17 वीं लोकसभा चुनावों में

3.49 लाख वोट के अंतर से जीत के साथ अपनी और अधिक मजबूती से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जो कर्नाटक में एक महिला उम्मीदवार द्वारा हासिल किया गया सबसे अधिक अंतर है।

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री के रूप में कार्य करते हुए, उन्होंने किसान-केंद्रित नीतियों के विकास और कृषि समुदाय पर प्रभाव डालने वाली जटिल चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्रिय भूमिका निभाई। इसके अलावा, उन्होंने कृषि में प्रौद्योगिकी और डिजिटल परितंत्र को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उन्होंने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और स्थिरता के लिए श्री अन्न (मिलेट्स) को बढ़ावा देने के लिए पहल भी की।